# भारती महाविद्यालय में ‘वर्ष प्रतिपदा उत्सव’ का आयोजन

नई दिल्ली, 19 मार्च 2026

दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभाग द्वारा भारतीय नववर्ष विक्रमी संवत् 2083 के शुभ अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में 19 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे ‘वर्ष प्रतिपदा उत्सव’ का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतीय संस्कृति के अनुरूप मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर भारतीय नववर्ष के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने भारतीय कालगणना की समृद्ध परंपरा तथा भारतीय ज्ञान परंपरा में नववर्ष के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम भारती महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सलोनी गुप्ता के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

